# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में की जारी : किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से किया संवाद।
2. बसपा प्रमुख मायावती ने आज लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ की बैठक : पार्टी ने उपचुनाव में राज्य की सभी दस सीटों पर प्रत्याशी उतारने का किया फैसला।
3. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा– राज्य सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उठा रही है प्रभावी कदम।

और

4. प्रदेश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा हर घर तिरंगा अभियान : सरकार ने लोगों से अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का किया आह्वान।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की। इन किस्मों में 61 फसलें शामिल हैं जिनमें 34 खेती की तथा 27 बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा।

श्री मोदी ने मोटे अनाज का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात करते हुए कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे है और इनकी मांग बढ रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्री मोदी ने नई फसल

किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 65 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं।

*हमारे वैज्ञानिकों ने अद्‌भत काम किया और फसलों की 109 प्रजातियों के बीज तैयार किए। बागवानी की आम की ऐसी किस्में तैयार कीं जो जल्दी खराब नहीं होगी, दिखने में भी सुंदर हो, स्वादिष्ट भी हो, जिसको हम एक्सपोर्ट भी कर सकें, एक्सपोर्ट हम कर भी रहे हैं। एक सौ नौ नई किस्में किसान की जिंदगी भी बदलेगी, उनके लाभ को भी बढायेगी और जनता के लिए पोषण की दृष्टि से बहुत उपयोगी होगी। हमारे एक्सपोर्ट को भी बढायेगी।*

श्री चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी अधिक पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर है।

---

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए जमीनी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सुश्री मायावती ने पार्टी जनाधार बढ़ाने के लिए

ज़रूरी दिशा–निर्देश देने के साथ–साथ अब तक की प्रगति रिपोर्ट भी ली। बसपा ने इन उपचुनावों में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बैठक में बसपा सुप्रीमों ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को जब आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण सुविधा दी गई है तो क्रीमीलेयर का सवाल उठाना अनुचित है।

———————————

केन्द्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने आज अपने निर्वाचन क्षेत्र पीलीभीत की कलीनगर तहसील के कई गांवों का दौरा कर लोगों से उनकी समस्यायें सुनीं और वहां मौजूद अधिकारियों को जन–समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। श्री प्रसाद ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए काम कर रही है। इस दौरान स्थानीय सांसद श्री प्रसाद ने कलीनगर में सरकारी अस्पताल खुलवाने का आश्वासन भी दिया। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ही फसलों की कई नई प्रजातियां जारी कर किसानों को बड़ा उपहार दिया है। इससे न सिर्फ उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री पाठक ने आज मैनपुरी जिले के करहल कस्बे में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के दौरान जिला मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि एम्बुलेंस सेवा, हेल्थ एटीएम, सोटी स्कैन और डायलिसिस सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मरीजों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ मुहैया कराया जाये।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पाठक ने दावा किया कि राज्य में विधानसभा उपचुनाव में भारतीय

जनता पार्टी सभी सीटों पर जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि करहल सीट जीतने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मंथन जारी है और इस उद्देश्य के लिए प्रभावी रणनीति बनायी जा रही है।

————————

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में राज्य के पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी मुकेश मेश्राम ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में लोगों से बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया ह।

बाइट.....

*1947 की जो 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव हमने प्रारम्भ किया अब हम अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं। अपने–अपने घरों में जो झंडा संहिता है, उसमें संशोधन करके सरकार ने नागरिकों को ये अधिकार दे दिया हे कि वे अपने घरों पर भी झंडा फहरा सकते हैं। हम 13, 14, 15 अगस्त ये तीन दिन हम से हम प्रत्येक घर के ऊपर तिरंगा झंडा डिस्प्ले करें और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित करें। यह भी हमारा संकल्प है इसके लिए साढ़े चार करोड़ घर पूरे प्रदेश में उनको झंडे उपलब्ध हो जायेंगे। लोग पोस्ट ऑफिस है वहां से खरीद सकते हैं, राशन की दुकानें हैं वहां से क्रय कर सकते हैं। जो पेट्रोल–डीजल पम्प स्टेशन हैं वहां ये खरीद सकते हैं। हमारी भी यह एक अंदर से जिम्मेदारी है कि हम भी झंडे को ये जो प्रतीक है हमारी राष्ट्र की अस्मिता का उसके पति आदर–सम्मान का भाव प्रदर्शित करें।*

इस बीच हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में प्रदेश भर मं तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। अम्बेडकरनगर जिले में आज किसानों ने टांडा–बहलोलपुर से पुंथर हाइवे तक तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को देश प्रेम का संदेश दिया।

————————

पेरिस ओलिम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय का आज उनके गृह नगर काशी पहुंचने पर बड़ी तादाद में वाराणसी वासियों, खेल प्रेमियों और जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार स्वागत किया। बाबतपुर हवाई अड्डे से शहर तक जगह–जगह स्कूली बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उनका अभिनंदन किया। ललित उपाध्याय ने काशी विश्वनाथ धाम पहुंच कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन–पूजन कर आशीर्वाद लिया। ललित उपाध्याय जिले के भगतपुर गांव के रहने वाले हैं।

————————

शाहजहांपुर में आज मीरानपुर कटरा और बरेली स्टेशन के बीच पंजाब मेल एक्सप्रेस के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। इस दौरान ट्रेन से नीचे कूदने की वजह से 20 यात्री घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल सात यात्रियों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुरादाबाद रेल मंडल के

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों ने सामान्य डिब्बे में रखा अग्निशमन यंत्र चला दिया जिससे लोगों में दहशत फैल गई। शरारतीतत्वों की पहचान करने के लिए जांच कराई जा रही है।

———————————

राज्य के कई भागों में कल देर रात से हल्की और मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही वर्षा से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने राज्य के कई भागों में अगले पांच दिनों के दौरान तेज बारिश की संभावना जताई है।

———————————

राज्य सड़क परिवहन निगम रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 18 अगस्त की रात से 19 अगस्त की रात तक निःशुल्क रोडवेज बस सेवा बहनों को उपलब्ध करायेगी। सूत्रों ने बताया है कि लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच 200 से ज्यादा अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया है कि कैसरबाग से सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, के लिये अतिरिक्त बसें चलेंगी। चारबाग बस अड्डे से कानपुर, रायबरेली, मौरावां, फतेहपुर, अयोध्या, ऊंचाहार के लिये बसें उपलब्ध होंगी। वहीं आलमबाग बस अड्डे से बनारस और प्रयागराज के लिये बसों का इंतजाम किया जा रहा है।

———————————